कार्यालय– प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय,
पताही, मुजफ्फरपुर। पिन– 843113

Website- www.ptecpatahi.co.in
E-mail id – principalptecpatahi@gmail.com

सूचना

डी॰ एल॰ एड॰ सत्र (2021–23) में ऑनलाईन नामांकन हेतु आवेदन करने के इच्छुक अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि, प्रा॰ शि॰ शि॰ महा॰ पताही, मुजफ्फरपुर का पुराना **वेबसाईट www.ptecpatahi.in** था, जिसे बन्द कर दिया गया है। अभ्यर्थी महाविद्यालय के नये **वेबसाईट www.ptecpatahi.co.in** पर नामांकन हेतु ऑनलाईन आवदेन करेंगे। जिसके आवेदन की तिथि – 18.08.2021 से दिनांक– 10.09.2021 (अंतिम तिथि) तक है।

अतः अभ्यर्थी **www.ptecpatahi.co.in** पर ही अपना ऑनलाईन आवेदन करेंगे। पुराना **वेबसाईट www.ptecpatahi.in** पर किसी भी प्रकार का आवेदन मान्य नहीं होगा।

आदेशानुसार

for Sd/- 24/08/21

प्र॰ प्राचार्य
प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय,
पताही, मुजफ्फरपुर।

पत्रांक–12 / विविध–11 / 2016..................

बिहार सरकार

शिक्षा विभाग

प्रेषक,

डॉ० विनोदानन्द झा
निदेशक, शोध एवं प्रशिक्षण

सेवा में,

सभी प्राचार्य,
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (DIET)
प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय (PTEC)
प्रखण्ड अध्यापक शिक्षा संस्थान (BIET)

24/08/21

पटना, दिनांक:–..........................

विषय– सत्र 2021–2023 के डी.एल.एड. कोर्स में नामांकन कैलेण्डर में संशोधन करने के संबंध में।

प्रसंग– पत्रांक–274 दिनांक–29.07.2021 तथा पत्रांक–323 दिनांक–19.08.2021

महाशय / महाशया,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में प्रसंगाधीन पत्र का निदेश करें। डी०एल०एड० 2021–2023 में नामांकन हेतु वेबसाईट एवं आवेदन भरने के लिए लिंक देने में कतिपय संस्थानों में उत्पन्न कठिनाई को देखते हुए प्रसंगाधीन पत्र द्वारा नामांकन हेतु निर्गत कैलेण्डर में निम्नलिखित संशोधन करते हुए आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक–10.09.2021 तक विस्तारित किया जाता है। अब नामांकन प्रक्रिया निम्नलिखित कैलेण्डर के अनुसार पूरी की जाएगी–

(i) आवेदन प्राप्त करने की प्रारम्भ तिथि	–	18.08.2021 (बुधवार) से।
(ii) आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि	–	10.09.2021 (शुक्रवार) तक।
(iii) मेधा सूची का निर्माण एवं नामांकन समिति की बैठक का आयोजन	–	18.09.2021 (शनिवार)।
(iv) मेधा सूची (सभी समर्पित आवेदन हेतु) का प्रकाशन	–	22.09.2021 (बुधवार)।
(v) मेधा सूची पर अभ्यर्थियों द्वारा आपत्ति प्राप्त करना	–	29.09.2021 (बुधवार) तक।
(vi) प्राप्त आपत्ति के निराकरण के उपरान्त अंतिम मेधा सूची (सीट के अनुसार अभ्यर्थियों की सूची) एवं कोटिवार / विषयवार सम्पूर्ण प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन (संस्थान के वेबसाइट एवं सूचना पट्ट पर) तथा अंतिम मेधा सूची एवं सम्पूर्ण प्रतीक्षा सूची की हार्ड कॉपी की प्रति दिनांक–16.09.2021 तक जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में समर्पित किया जाना	–	06.10.2021 (बुधवार) तक।
(vii) नामांकन हेतु सूचना प्रेषण (SMS, ई–मेल एवं संस्थान के– वेबसाइट पर अनिवार्य रूप से तथा दूरभाष पर अतिरिक्त रूप में)		9.10.2021 (शनिवार) तक।

D/R&T All file/Admission 2021-2023

(viii) नामांकन (प्रथम सूची एवं तदनुसार प्रतीक्षक सूची दोनों– के आधार पर) – 03.11.2021 (बुधवार) तक।

(ix) नामांकन प्रक्रिया बंद – 04.11.2021 (गुरुवार) तक।

(x) कक्षा संचालन की तैयारी – 05.11.2021 से 06.11.2021 तक। (शुक्रवार एवं शनिवार)

(xi) कक्षा संचालन (फेश टू फेश या ऑनलाईन) – 08.11.2021 (सोमवार)।

प्रसंगाधीन पत्र की शेष कंडिकाएँ पूर्वत रहेगी।

विश्वासभाजन
ह०/–
(विनोदानन्द झा)
निदेशक, शोध एवं प्रशिक्षण

ज्ञापांक–12/विविध–11/2016.............................. पटना, दिनांक– ....

प्रतिलिपि–सभी क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक/सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह०/–
निदेशक, शोध एवं प्रशिक्षण

ज्ञापांक–12/विविध–11/2016–335 पटना, दिनांक– 23/08/2021

प्रतिलिपि–आई०टी० मैनेजर, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

23/8/21
निदेशक, शोध एवं प्रशिक्षण

बिहार सरकार

शिक्षा विभाग, बिहार सरकार

(डी0एल0एड0 में नामांकन संबंधी सूचना)

प्रेस विज्ञप्ति

NCTE से मान्यता प्राप्त तथा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से संबद्धता प्राप्त राज्य के सभी राजकीय तथा अराजकीय शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य/प्राचार्या को विभागीय अधिसूचना संख्या–254 दिनांक– 20.07.2021 के आलोक में सूचित किया जाता है कि **D.El.Ed.** कोर्स के सत्र 2021–2023 में नामांकन की परीक्षा कतिपय कारणों से बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना के द्वारा नहीं ली जा रही है। सरकार के निर्णयानुसार नामांकन का कार्य पूर्व की भांति किया जा रहा है। राजकीय संस्थानों के लिए दिशा–निर्देश अलग से निर्गत किया गया है। नामांकन से संबंधित पत्र, निदेश एवं संस्थानों के बेवसाईट की जानकारी शिक्षा विभाग के वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

2. राज्य सरकार द्वारा संचालित संस्थान में **D.El.Ed.** कोर्स के सत्र 2021–2023 में नामांकन हेतु इच्छुक अभ्यर्थी को सूचित किया जाता है कि दिनांक–18.08.2021 से दिनांक–10.09.2021 तक ऑनलाईन आवेदन Rs.100/- (एक सौ रूपये मात्र) शुल्क के साथ संबंधित संस्थान के वेवसाईट पर दिए गए दिशा–निर्देश के आलोक में अभ्यावेदन स्वीकार किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा संचालित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों के वेवसाईट की जानकारी शिक्षा विभाग, बिहार के वेवसाईट (https://state.bihar.gov.in/educationbihar) के MENU में Research and Training पर उपलब्ध है।

विनोदानन्द झा

निदेशक, शोध एवं प्रशिक्षण।

PR- 05207 (Education) 2021-22

नोवल कोरोना के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं सहयोग हेतु Toll Free No.: 104 पर संपर्क कर सकते हैं।